कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
कमला नहर प्रमण्डल, जयनगर
Gmail Address :- kcdwrdjaynagar@gmail.com

अल्पकालीन पुर्ननिलामी आमंत्रण सूचना संख्या – 07 वर्ष 2026–27

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा के पत्रांकः–1404, दिनांकः 07.06.2024 द्वारा कमला नहर प्रमंडल, जयनगर अन्तर्गत अनुपयोगी/ध्वस्त करने योग्य भवनों को मूल्यांकण समिति के प्रतिवेदन के आलोक में निलामी किया जाना है। एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निलामी की प्रक्रिया दर्शायी गयी तिथि, समय एवं स्थान पर खुली डाक द्वारा की जायेगी :–

क्रम सं०	भवन का प्रकार (आवासीय/कार्यालय/गोदाम /प्रयोगशाला/कार्यशाला इत्यादि)	न्यूनतम निर्धारित राशि (रू0 में)	प्रतिभूति की राशि (न्यूनतम निर्धारित राशि का 20% रू० में)	निलामी की तिथि
1	आवासीय T Type 26 Nos. अस्थायी प्लिंथ एरिया 27976.00 जयनगर	13,33,000.00	2,66,600.00	26.11.2026

नलामी की शर्त्त निम्न प्रकार हैः–

1. इच्छुक फर्म/आवेदक दिनांकः 18.11.2026 से दिनांकः 25.11.20226 तक कार्यालय अवधि में (रविवार एवं अन्य राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) सूचनापट्ट पर प्रदर्शित अनुपयोगी /ध्वस्त करने योग्य भवनों की सूची देख सकतें है।
2. निलामी का आधार सभी अनुपयोगी /ध्वस्त करने योग्य भवनों जो है, जहॉ है, जैसा है के आधार पर निलामी किया जायेगा।
3. निलामी कार्यपालक अभियंता, कमला नहर प्रमंडल, जयनगर के कार्यालय कक्ष में खुली डाक से दिनांकः 26. 11.2026 के अपराहण 1.00 बजे की जायेगी।
4. इच्छुक फर्म/आवेदक दिनांक 25.11.2026 के अपराहण 5.00 बजे तक अपने आवेदन के साथ अग्रधन के रूप में कमशः कमांकः–1 के लिये रूपये–2,66,600.00/–(दो लाख छियासठ हजार, छः सौ) का बैंक ड्राफ्ट/डिमांड ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, कमला नहर प्रमंडल, जयनगर के नाम से देय हो, को जमा करना अनिर्वाय होगा। उसके बाद ही उन्हें दिनांक 26.11.2026 को निलामी में भाग लेने दिया जायेगा। निलामी समाप्त होने के उपरान्त असफल प्रतिभागी को उनकी जमानत की राशि वापस कर दी जायेगी तथा सफल प्रतिभागी की जमानत की राशि को समायोजित कर ली जायेगी।
5. निलामी में भाग लेने वाले प्रतिभागी का उम्र कम से कम 18 बर्ष होना अनिवार्य है।
6. निलामी में भाग लेने के लिये प्रतिभागी को बिहार राज्य का निवासी होना अनिवार्य है। इस हेतु आवासीय प्रमाण पत्र का स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति देना अनिवार्य होगा।
7. निलामी में भाग लेने वाले प्रतिभागी को आधार कार्ड,पैन कार्ड मोबाईल नम्बर एवं पासपोर्ट साईज फोटो की स्वहस्ताक्षिरित छायाप्रति देना अनिवार्य होगा।
8. निलामी में सफल बोलीकर्त्ता को बोली मूल्य का 50 प्रतिशत राशि सफल होने की धोषणा के उपरान्त यथाशीध्र बैंक ड्राफ्ट/डिमांड ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, कमला नहर प्रमंडल, जयनगर के नाम से देय हो जमा करना होगा।

09.निलामी में सफल बोलीकर्त्ता को निलामी की शेष राशि बैंक ड्राफ्ट/डिमांड ड्राफ्ट के रूप में अगले सात दिनों के अन्दर कार्यपालक अभियंता, कमला नहर प्रमंडल, जयनगर के कार्यालय में जमा करना होगा तत्पश्चात अद्योहस्ताक्षरी द्वारा विमुक्ति आदेश निर्गत किया जायेगा। उक्त अवधि के अन्दर निलामी राशि जमा नहीं करने पर अग्रधन एवं व्याने की राशि जब्त कर ली जायेगी।

10.निलामी में सफल बोलीकर्त्ता को सामग्री की ढुलाई अपने खर्च पर करनी होगी। किसी प्रकार का अतिरिक्त ढुलाई देय नहीं होगा।

11.विमुक्ति आदेश निर्गत होने के पश्चात एक माह के अन्दर सामग्री का संबंधित स्थल से उठाव किया जाना सुनिश्चित करना होगा। विलम्ब की स्थिति में प्रतिदिन राशि रू:–1000.00 (रूपये–एक हजार) के दर से दण्ड किराया देना होगा।

12.अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

13.विस्तृत सूचना बेवसाईट http. // tenders.bin.nic.in. तथा www.prd.bihar.org. पर देखी जा सकती है।

14.विशेष जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में कार्यपालक अभियन्ता, कमला नहर प्रमण्डल, जयनगर (मोबाईल नम्बर 7463889764 पर) सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

15.सरकारी सेवा जनसेवा का माध्यम है। धर्म–ईमान की तरह इसे भी बेदाग रखें।

ह0/–
(ई0 अमोद कुमार)
कार्यपालक अभियंता,
कमला नहर प्रमण्डल, जयनगर।
मो0 :– 7463889764

पत्रांक :– 1158 /जयनगर, दिनांक:– 04.11.2026

प्रतिलिपि :–सूचना एवं जन–सम्पर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग पटना को अनुपयोगी /ध्वस्त करने योग्य भवनों की निलामी सूचना की हिन्दी में एक प्रति (हार्ड एवं सॉफ्ट प्रतियों में) के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित। अनुरोध है कि निलामी आमंत्रण सूचना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने की कृपा किया जाय। साथ ही दैनिक समाचार पत्र में दो दिन प्रकाशित करने की कृपा की जाय।

04/11/26
(ई0 अमोद कुमार)
कार्यपालक अभियंता,
कमला नहर प्रमण्डल, जयनगर।
मो0 :– 7463889764